संपादकीय

# लंबी अस्थिरता की ओर

पाकिस्तान की सेना ने ऐसा ड्रामा रचा है, जिसमें मंच पर मौजूद पात्र उसके लिखे संवाद ही बोलें। यह खेल पाकिस्तानी आवाम के साथ-साथ बाकी दुनिया भी देख रही है। मगर यह खेल इतना महंगा है, जिसकी कीमत चुकाने लायक संसाधन पाकिस्तान के पास नहीं हैं।

पाकिस्तान में सेना ने लोकतंत्र का जो स्वांग रचा है, उसकी महंगी कीमत मुल्क को चुकानी पड़ सकती है। यह स्पष्ट है कि हालिया चुनाव में तमाम लोकतात्रिक मर्याताओं को ताक पर रख देने के बावजूद सेना ऐसी सियासी सूरत तैयार नहीं कर पाई है, जिससे स्थिर सरकार की राह निकले। सबसे लोकप्रिय- और नेशनल असेंबली में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को सत्ता से बाहर रखने के लिए सेना ने बाकी तमाम दलों को मिलाकर गठबंधन सरकार बनवाने की चाल चली है। लेकिन वह दो प्रमुख दलों- पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को सत्ता साझा करने पर राजी नहीं कर पाई है। हालाकि पीपीपी के आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति बनाने पर सहमति बनी है, इसके बावजूद पीपीपी पीएमएल-नवाज के शहबाज शरीफ के नेतृत्व में बनने जा रही सरकार में शामिल नहीं होगी। वह मुद्दों के आधार पर उसे बाहर से समर्थन देगी।

पीपीपी के नेता बिलावल भुट्टो-जरदारी ने संभवतः यह आकलन किया है कि शहबाज शरीफ की सरकार आईएमएफ के सख्त नुस्खे पर चलेगी, जिससे पाकिस्तानी आवाम की मुश्किलें बढ़ेंगी। पीपीपी इससे पैदा होने वाले जनाक्रोश के निशाने पर नहीं आना चाहती। पाकिस्तान पहले से गहरे संकट में है। दो साल की राजनीतिक अस्थिरता ने संकट और बढ़ाया है। सुरक्षा के मोर्चे पर भी पाकिस्तान को गहरी चुनौतियों को सामना करना पड़ रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और अन्य आतंकवादी संगठनों की हिंसक गतिविधियां बढ़ती चली गई हैं। ऐसे गंभीर हालात से एक स्थिर और मजबूत सरकार ही निपट सकती है। इस लिहाज से तो बेहतर यह होता कि सेना कठपुतली सरकार बनवाने के बजाय खुद सत्ता अपने हाथ में ले लेती! लेकिन उसने ऐसा ड्रामा रचा है, जिसमें मंच पर मौजूद पात्र उसके लिखे संवाद ही बोलें। यह सब इतना खुलेआम ढंग से किया गया है कि पाकिस्तानी आवाम के साथ-साथ दुनिया भी पूरा खेल देख रही है। मगर यह खेल इतना महंगा है, जिसकी कीमत चुकाने लायक संसाधन पाकिस्तान के पास नहीं हैं। इसलिए यह सबको साफ नजर आ रहा है कि सेना नेतृत्व के यह मानमानी पाकिस्तान को बहुत भारी पड़ेगी।

# 2023-24 में ई-मार्केटप्लेस पर सेवाओं की खरीद बढ़कर हुई 1.82 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) के माध्यम से सेवाओं की खरीद चालू वित्त वर्ष के दौरान 22 फरवरी तक 176 प्रतिशत बढक़र 1,82,000 करोड़ रुपये हो गई। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों में बताया गया है कि 2022-23 में यह आँकड़ा 66 हजार करोड़ रुपये था।



मंत्रालय ने कहा कि सेवाओं की खरीद का कुल मूल्य अब वित्तीय वर्ष में उत्पादों की खरीद के कुल मूल्य से अधिक है जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह विभिन्न खरीददारों द्वारा सेवाओं की तेजी से स्वीकार्यता को इंगित करता है।

मंत्रालय ने कहा, फरवरी 2024 में सेवाओं की खरीद अभूतपूर्व रही है, जिसका योगदान जीईएम पर किए गए कुल ऑर्डर मूल्य का लगभग 80 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष में कुल खरीद में सेवाओं का हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की दो बोलियों ने सेवा खरीद में हिस्सेदारी बढ़ा दी है।''

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, जीईएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.के. सिंह ने कहा कि जीईएम ने डिजिटल क्षमताओं का उपयोग किया है और उन सभी संभावित सेवाओं की खरीद के लिए वन-स्टॉप-शॉप के रूप में उभरा है जिनकी प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर सरकारी खरीदारों को आवश्यकता हो सकती है।

उन्होंने कहा कि जीईएम पर सेवा पेशकश का विस्तार मंच की सफलता की कहानी का सबसे उज्ज्वल अध्याय रहा है, जिसमें कम समय में तेजी से वृद्धि देखी गई है।

जीईएम पर सेवाओं के विस्तारित समूह के कारण पोर्टल के सकल व्यापारिक मूल्य में जबरदस्त उछाल आया है। अकेले इस वर्ष ग्रुप मेडिक्लेम इंश्योरेंस सर्विस, एसेट इंश्योरेंस सर्विस, ग्रुप टर्म इंश्योरेंस सर्विस आदि जैसी नौ प्रकार की बीमा सेवाओं की खरीद के लिए 4,036 करोड़ रुपये के लगभग 457 ऑर्डर दिए गए हैं। गुजरात सरकार ने लगभग 62 लाख परिवारों को बीमा कवर देने के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 2,302 करोड़ रुपये की लागत से ग्रुप मेडिक्लेम इंश्योरेंस सर्विसेज की खरीद की है।

लोकल केमिस्ट एम्पैनलमेंट जैसी नवीन और अनूठी सेवा पेशकश के परिणामस्वरूप जीईएम की ई-बोली प्रक्रिया के माध्यम से दवाओं की आपूर्ति पर औसतन 30-32 प्रतिशत की छूट मिली है।

इसने केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना, कर्मचारियों और राज्य बीमा निगमों और कई राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागों को सक्रिय रूप से जीईएम के माध्यम से इन सेवाओं को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है।

सलाहकारों और पीआर एजेंसी की नियुक्ति, आउटडोर विज्ञापन सेवाओं और प्रदर्शनी/कार्यक्रम/सेमिनार प्रबंधन सेवाओं जैसी सेवाओं की खरीद ने सरकारी निकायों को सूचित नीति-निर्माण निर्णय लेने और प्रभावी ढंग से जानकारी प्रसारित करने में सक्षम बनाया है।

जीईएम पर सेवाओं की खरीद ने जल जीवन मिशन, पोषण 2.0 आदि जैसी प्रमुख सामाजिक कल्याण पहलों को भी भारी प्रोत्साहन दिया है। स्वच्छ भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए, जीईएम ने कूड़े के संग्रह, निपटान और प्रबंधन सहित स्वच्छता सेवाओं को किराए पर लेने के लिए अलग-अलग श्रेणियां बनाई हैं।

यह सेवा शहरी विकास एवं आवास विभाग, बिहार द्वारा नियमित रूप से खरीदी जा रही है, जिसने कचरे के संग्रहण, उठाव, परिवहन और निपटान के लिए विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों को 35 ऑर्डर दिए हैं।

जम्मू-कश्मीर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उत्तराखंड और दिल्ली जैसे विभिन्न राज्यों में शहरी और स्थानीय निकायों द्वारा भी इसी तरह के अनुबंध रखे गए हैं।

यह उल्लेखनीय प्रवृत्ति एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में सेवाओं की बढ़ती मान्यता को रेखांकित करती है और सार्वजनिक खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में मजबूत खरीद बुनियादी ढांचे के महत्व पर प्रकाश डालती है। यह अभूतपूर्व वृद्धि जीईएम की स्केलेबिलिटी और अनुकूलनशीलता तथा भारत की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमाणित करती है।

## 5 घंटे फ्लाइट में कैद रहे पैसेंजर, सांस लेने में भी आई दिक्कत

**मुंबई ।** मुंबई से मॉरीशस जाने वाली एयर मॉरीशस की फ्लाइट रूय 749 के यात्रियों को करीब पांच घंटे तक भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। यह परेशानी फ्लाइट के एसी सिस्टम में आई खराबी के कारण हुई। फ्लाइट सुबह 4:30 बजे प्रस्थान करने वाली थी लेकिन इंजन की समस्या के कारण 5 घंटे से अधिक समय से रोकी गई।

749 यात्रियों को विमान के अंदर बंद कर दिया गया। एयर कंडीशनिंग के काम न करने के कारण उन्हें अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ा। इस बीच, एक 78 वर्षीय यात्री, को कथित तौर पर सांस लेने में परेशानी महसूस करने लगे। फ्लाइट को शनिवार सुबह 4:30 बजे उड़ान भरनी थी।

यात्री सुबह 3:45 बजे विमान में चढ़े लेकिन विमान के इंजन में खराबी आ गई। यात्री 5 घंटे से अधिक समय तक विमान के अंदर रहे और उन्हें उतरने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद उड़ान को रद्द कर दिया गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीसरे टी-20 में हराते हुए 3-0 से जीती सीरीज

**नईदिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को तीसरे टी-20 मैच में डक वर्थ लुईस (ष्ठरुस्) नियम की मदद से 27 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से सीरीज अपने नाम की।ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में बारिश के खलल के बीच ऑस्ट्रेलिया ने 10.4 ओवर में 118/4 का स्कोर बनाया।इसके बाद न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का नया लक्ष्य मिला, जिसे मेजबान टीम हासिल नहीं कर सकी।




पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया से ट्रेविस हेड ने 30 गेंदों पर 33 रन बनाए। वहीं मैथ्यू शार्ट ने 11 गेंदों पर 27 रन और ग्लेन मैक्सवेल ने 9 गेंदों पर 20 रन की पारी खेली।ऑस्ट्रेलिया ने जब 10.4 ओवर बल्लेबाजी की, तब बारिश का व्यवधान देखने को मिला।इसके बाद न्यूजीलैंड को नया लक्ष्य मिला, जिसे वह ग्लेन फिलिप्स के संघर्ष (40*) के बावजूद हासिल नहीं कर सके। न्यूजीलैंड 10 ओवर के बाद 98/3 का स्कोर बना सका।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी चौथी टी-20 सीरीज जीती है। अब तक दोनों टीमों के बीच 6 टी-20 सीरीज खेली जा चुकी हैं, जिसमें से कीवी टीम को सिर्फ 1 में जीत मिली है।इनके अलावा 1 सीरीज ड्रॉ रही है। इस सीरीज से पहले दोनों टीमें 2021 में किसी द्विपक्षीय सीरीज में आमने-सामने थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 3-2 से अपना नाम किया था।केन विलियमसन ने उस कीवी टीम की कप्तानी की थी।

फिलिप्स ने 24 गेंदों पर 40 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के भी शामिल रहे। उन्होंने मार्क चैपमैन (17*) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 47 रन की अटूट साझेदारी की।न्यूजीलैंड की ओर से पारी की शुरुआत करने आए विल यंग ने 7 गेंदों पर 14 रन बनाए। फिन एलन ने 9 गेंदों में 13 रन बनाए, जिसमें 1 छक्का भी शामिल रहा।टिम सीफर्ट सिर्फ 2 रन ही बना सके।

## भारत में सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले को छोड़ा पीछे

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने कीर्तिमान स्थापित किया है।इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के चौथे रांची टेस्ट के दौरान अश्विन ने भारतीय सरजमीं पर 350 विकेट का आंकड़ा पार किया।इसके अलावा वह भारत की धरती पर सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी में बेन डकेट (15) और ओली पोप (0) को लगातार 2 गेंदों पर आउट किया।

अश्विन ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में अपना पहला विकेट लेते ही भारत में अपने 350 टेस्ट विकेट पूरे किए। उनके फिलहाल 351 विकेट हो गए हैं।वह अनिल कुंबले के बाद ये आंकड़ा छूने वाले सिर्फ दूसरे गेंदबाज बने। कुंबले ने भारत में खेलते हुए 63 टेस्ट में 24.88 की औसत के साथ 350 विकेट लिए थे।इस सूची में हरभजन सिंह तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने भारत में 28.76 की औसत से कुल 265 विकेट लिए हुए हैं।




अश्विन अब एशिया में 400 टेस्ट विकेट लेने वाले भारत के सिर्फ दूसरे और विश्व के तीसरे गेंदबाज बने हैं।एशिया में अश्विन ने 132 पारियों में ये आंकड़ा छूआ है।श्रीलंका के पूर्व दिग्गज मुथैया मुरलीधरन ने एशिया में 171 पारियों में 21.69 की औसत के साथ सर्वाधिक 619 विकेट अपने नाम किए हैं। कुंबले ने एशिया में 144 पारियों में 27.00 की औसत से 419 विकेट चटकाए हैं।

अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 23 टेस्ट की 41 पारियों में लगभग 29 की औसत से अपने 102 विकेट ले लिए हैं।वह अब इंग्लैंड और भारत के बीच हुए टेस्ट मैचों में 100 विकेट लेने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ जेम्स एंडरसन (147 विकेट) हैं।इंग्लैंड सिर्फ दूसरा ऐसा देश है, जिसके खिलाफ अश्विन ने 100 विकेट लिए हैं। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध (114 विकेट) ऐसा कर चुके हैं।

अश्विन ने अपना पहला टेस्ट मैच साल 2011 में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था।उन्होंने भारत के लिए अब तक 99 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसकी 186 पारियों में लगभग 24 की औसत से 500 से अधिक विकेट अपने नाम किए हैं।उन्होंने अपने टेस्ट करियर में अब तक 34 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/59 विकेट का रहा है।

## रांची टेस्ट की दूसरी पारी में शोएब बशीर ने चटकाए 5 विकेट, खास लिस्ट में दर्ज कराया नाम

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले जा रहे टेस्ट मैच में शोएब बशीर ने लाजवाब गेंदबाजी की. इंग्लैंड के इस स्पिनर ने भारत की पहली पारी में 5 विकेट झटके. इस दमदार प्रदर्शन ने उन्हें एक खास लिस्ट में शरीक कर दिया. वह इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में 5 विकेट लेने वाले सबसे कम उम्र के दूसरे गेंदबाज बन गए.




इंग्लैंड के लिए सबसे कम उम्र में टेस्ट क्रिकेट में 5 विकेट फेर पूरा करने का रिकॉर्ड स्पिन ऑलराउंडर रेहान अहमद के नाम दर्ज है. रेहान ने साल 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए कराची टेस्ट में महज 18 साल की उम्र में 5 विकेट चटकाए थे. अब शोएब बशीर ने 20 साल की उम्र में यह करिश्मा किया है.

**इंग्लैंड के लिए सबसे कम उम्र में 5 विकेट फेर- 18 साल 128 दिन:** रेहान अहमद (5/48) बनाम पाकिस्तान कराची टेस्ट 2022

**20 साल 135 दिन:** शोएब बशीर (5/119) बनाम इंडिया रांची टेस्ट 2024

**20 साल 182 दिन:** बिल वोस (7/70) बनाम वेस्ट इंडीज पोर्ट ऑफ स्पेन टेस्ट 1930

**20 साल 298 दिन:** जेम्स एंडरसन (5/73) बनाम जिम्बाब्वे लॉर्ड्स टेस्ट 2003

शोएब बशीर अपने करियर का दूसरा ही टेस्ट मुकाबला खेल रहे हैं. भारत के खिलाफ वर्तमान सीरीज के विशाखापट्टनम टेस्ट में उनका इंटरनेशनल डेब्यू हुआ था. अपने पहले मैच में उन्होंने 4 विकेट लिए थे. अब रांची में उन्होंने चौंकाने वाला प्रदर्शन किया. बशीर ने शुभमन गिल, रजत पाटीदार, रवींद्र जडेजा और यशस्वी जायसवाल को पवेलियन भेज टीम इंडिया को बैकफुट पर धकेला. मैच के तीसरे दिन उन्होंने आकाशदीप को एलबीडब्ल्यू कर अपने 5 विकेट पूरे किए. दिलचस्प बात यह रही कि इंग्लैंड की ओर से फेंके गए कुल ओवरों में 40त्न से ज्यादा ओवर्स अकेल बशीर ने फेंके. उन्होंने कुल 44 ओवर गेंदबाजी की. एक खास बात यह भी है कि इंटरनेशनल डेब्यू के पहले बशीर ने महज 6 फर्स्ट क्लास मैच खेले थे और 10 विकेट चटकाए थे.

## यामी गौतम की आर्टिकल 370 ने की अच्छी शुरुआत

हर शुक्रवार कोई न कोई नई फिल्म सिनेमाघरों का रुख करती है। बीते शुक्रवार यानी 23 फरवरी को एकसाथ 2 फिल्मों ने सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया।जहां यामी गौतम फिल्म आर्टिकल 370 लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हुईं, वहीं विद्युत जामवाल फिल्म क्रैक लेकर पहुंचे।इन दोनों फिल्मों के पहले दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं।आइए जानते हैं पहले दिन बॉक्स ऑफिस की इस जंग में कौन आगे निकला।



रिपोर्ट के मुताबिक, आर्टिकल 370 ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की। इसने 5.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं। बाद में इनमें थोड़ा फेरबदल भी देखने को मिल सकता है।उधर फिल्म क्रैक ने पहले दिन 4 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म का बजट 70 करोड़ रुपये के आसपास है। ऐसे में हिट होने के लिए आने वाले दिनों में काफी अच्छी कमाई करनी होगी।

आर्टिकल 370 ने 5 करोड़ के कलेक्शन के साथ विवेक अग्निहोत्री की ब्लॉकबस्टर फिल्म द कश्मीर फाइल्स की ओपनिंग डे का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिसने रिलीज के पहले दिन 3.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी।इतना ही नहीं आर्टिकल 370 2024 की फाइटर (24 करोड़), तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ( 6.5 करोड़) के बाद तीसरी सबसे ज्यादा ओपनिंग लेने वाली हिंदी फिल्म बन गई है।वीकेंड में फिल्म की कमाई में उछाल आने की उम्मीद है।

## शैतान से पहले भी कई रीमेक कर चुके अजय देवगन, एक ने कमाए 200 करोड़ रुपए

इंडस्ट्री में पिछले कई सालों से अपनी अदायगी का जादू बिखेरने वाले अजय देवगन को सिनेप्रेमियों द्वारा एक सुपरस्टार के रूप में पहचाना जाता है।वह फिल्मों में बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीतते हैं। हालांकि, अभिनेता ने पिछले काफी से समय से रीमेक फिल्में बनाकर अपना जादू चलाया है।आपको जानकर हैरानी होगी कि उनकी आगामी फिल्म शैतान भी एक रीमेक है।चलिए आपको बताते हैं अजय की रीमेक फिल्मों और उनके बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन के बारे में।



पिछले काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई अजय की सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान इस समय दर्शकों के दिलों-दिमाग पर छाई हुई है।बीते दिन रिलीज हुआ फिल्म का ट्रेलर भी जोरदार है, जिसमें अजय के साथ-साथ आर माधवन की अदाकारी देख लोगों के होश उड़ गए हैं।

## आज का राशिफल

*मेष-* आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे।

*वृष-* आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार के साथ टाईम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।

*मिथुन-* आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है।

*कर्क-* आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन का बोझ थोड़ा हल्का होगा।

*सिंह-* आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा। साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी।

*कन्या-* आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं।

*तुला-* आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें।

*वृश्चिक-* आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको कोई बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आएंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा।

*धनु-* आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं।

*मकर-* आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी, जिससे काम करने में आसानी होगी। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टुरेंट में डिनर करने का प्लान बनायेंगे।

*कुंभ-* आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जायेगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है।

*मीन-* आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटिड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा।

## पिंपल और ऑयली स्किन से हैं परेशान तो इन चीजों से करें परहेज

ऑयली स्किन के लोगों को अपनी त्वचा का विशेष ख्याल रखना होता है. ऐसी स्किन संसिटिव होती है और रिएक्शन के आसार जल्दी होते हैं. ऐसे लोग जिनकी स्किन ऑयली है उन्हें स्किन के हिसाब से ही प्रोडक्ट यूज करने होते हैं. जिसको लेकर लोग अक्सर लापरवाही कर बैठते हैं.



ऑयली स्किन वाले लोगों को पिंपल की काफी शिकायत रहती है. स्किन पर ज्यादा तेल मौजूद होने की वजह से गंदगी भी ज्यादा चिपकती है. लेकिन अपने डेली रूटीन में कुछ सावधानी बरत कर हम इसे कंट्रोल कर सकते हैं. आइए जानते हैं ऑयली स्किन केयर के कुछ आसान टिप्स

**1. क्लींजर या टोनर यूज करने से बचें-** स्किन पर ऑयल रहे तो क्लींजर या टोनर यूज करने से बचना चाहिए. इनमें अल्कोहल होता है जो ऑयली स्किन के लिए हानिकारक है.

**2. नारियल तेल से बचें-** जिनकी त्वचा ऑयली है उन्हें चेहरे पर नारियल तेल लगाने से बचना चाहिए. लोग जेनरली नारियल तेल का यूज स्किन को मॉइस्चराइजर के तौर पर इस्तेमाल करते हैं. लेकिन ये नुस्खा ड्राई स्किन के लिए काम करता है. ऑयली लोगों के लिए ये घाटे का सौदा है.

**3. मिनरल ऑयल का यूज करें बंद-** ऑयली स्किन वालों को मिनरस ऑयल का यूज तुरंत से बंद कर देना चाहिए. मिनरल ऑयल आपकी स्किन के भीतर के तेल और गंदगी को फंसा देता है. जिसके कारण भी पिंपल्स निकल आते हैं.

**4. लैनोलिन क्रीम-** लैनोलिन को भी आमतौर पर ड्राई स्किन वालों के लिए फायदेमंद कहा जाता है. लैनोलिन बहुत मोटी क्रीम होती है. चूंकि ये थिक होती है, सो इसे चेहरे पर लगाने से मोटी परत बन जाती है और स्किन सांस नहीं ले पाती. जोकि ऑयली स्किन वालों के लिए खतरनाक है.

**5. पेट्रोलियम जेली-** नमी को बनाए रखने के लिए पेट्रोलियम जेली लगाने की सलाह दी जाती है. जिसे स्लगिंग भी कहा जाता है, लेकिन ऑयली स्किन वालों को इससे बचने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ये पिंपल के बनने के कारणों में से एक है.

## शब्द सामर्थ्य- 345

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू-दोकू- 345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |